प्रेषक,

रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव,
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
कक्ष संख्या-01, वाराणसी।

सेवा में,

श्रीमान् महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा- श्रीमान् जनपद न्यायाधीश,
वाराणसी।

विषय- स्थानान्तरण के सम्बन्ध में प्रत्यावेदन का प्रेषण।

महोदय,

ससम्मान निवेदन करना है कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा वार्षिक स्थानान्तरण, 2024 के अन्तर्गत मेरा स्थानान्तरण जनपद न्यायालय चित्रकूट से जनपद न्यायालय वाराणसी हो गया है। माननीय न्यायालय के आदेश के अनुपालन में मेरे द्वारा दिनाँक 17.04.2024 को जनपद न्यायालय वाराणसी में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कक्ष संख्या-01 का पदभार ग्रहण कर लिया है।

जनपद चित्रकूट में निवास के दौरान ही मैनें अपने पुत्र पुलकित राज का एडमीशन ऐलेन कैरियर संस्थान जनपद कोटा (राजस्थान) में करा दिया है तथा वर्तमान में मेरा उक्त पुत्र कोटा राजस्थान में रहकर अध्ययनरत् है। ऐसे में मेरे द्वारा अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन करते हुये पुत्र की शिक्षा व उसकी उचित देखभाल के लिए अत्याधिक कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है।

अतः आपसे विनम्रतापूर्वक अनुरोध है कि मेरी उपरोक्त सम्पूर्ण परिस्थिति को दृष्टिगत रखते मेरे स्थानान्तरण जनपद कोटा (राजस्थान) के नजदीक किसी अन्य जनपद में किये जाने हेतु प्रकरण माननीय न्यायालय के समक्ष रखने की कृपा करें, जिससे कि मेरे द्वारा अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन करते हुये पुत्र की शिक्षा व उसकी उचित देखभाल की जा सके।

सादर।

भवदीय

22.4.24

(रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव)
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
कक्ष संख्या-01, वाराणसी।
I.D. No. UP 6093

दिनांक-

संलग्नक-
जनपद कोटा (राजस्थान) के शिक्षण संस्थान में प्रवेश सम्बन्धी प्रपत्र।

Office of the District Judge Varanasi
No. 9371 I .... Date 23-04-2024
Forwarded.

District Judge
Varanasi
23.04.2024